
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 85 मुरादाबाद 20 July 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मेरे जवानों के पास ऐसे हथियार होंगे जिनके बारे में विरोधी सोच भी नहीं सकते: पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में एक नया रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है जहां आयात कम किया जा रहा है और निर्यात बढ़ रहा है। भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित NIIO (नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन) संगोष्ठी स्वावलंबन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य, 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरी है। आत्मनिर्भर नौसेना के लिए पहले स्वावलंबन सेमिनार का आयोजन होना, इस दिशा में अहम कदम है। नौसैनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, मोदी ने कहा, 卐हमने सरलतम उत्पादों के लिए भी विदेशों पर निर्भर रहने की आदत सी डाल ली है। नशा करने वालों की तरह हम भी विदेशों से उत्पाद मंगाने के आदी थे। इस मानसिकता को बदलने के लिए %सबका प्रयास% की मदद से रक्षा का एक नया पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए हमने 2014 के बाद एक मिशन मोड पर काम किया। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि हमारे पास टैलेंट नहीं। हमारे पास टैलेंट है। मेरे सैनिकों को उन्हीं 10 हथियारों के साथ मैदान में जाने देना जो दुनिया के पास हैं... मैं ऐसा जोखिम नहीं उठा सकता। मेरे जवान के पास वो हथियार होगा जो विरोधी सोच भी नहीं पाएगा।卐 पीएम मोदी ने भारत के आत्मविश्वास और उसकी आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ युद्ध तेज करने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि ऐसी हर कोशिश को नाकाम करना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे भारत वैश्विक मंच पर खुद को स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे दुष्प्रचार के माध्यम से लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ''खुद पर भरोसा रखते हुए भारत के हितों को हानि पहुंचाने वाली ताकतें चाहे देश में हों या फिर विदेश में, उनकी हर कोशिश को नाकाम करना है।'' उन्होंने कहा, ''देश की रक्षा के लिए हमें एक और अहम पक्ष पर ध्यान देना चाहिए। हमें भारत के आत्मविश्वास को, हमारी आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाले ताकतों के विरुद्ध युद्ध तेज करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा अब सिर्फ सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बहुत व्यापक है इसलिए हर नागरिक को इसके लिए जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''जैसे आत्मनिर्भर भारत के लिए 'होल ऑफ द गवर्नमेंट एप्रोच' के साथ आगे बढ़ रहे हैं वैसे ही राष्ट्र रक्षा के लिए भी 'होल ऑफ द नेशन अप्रोच' समय की मांग है। भारत के कोटि-कोटि जनों की की यही सामूहिक राष्ट्र चेतना ही सुरक्षा और समृद्धि का सशक्त आधार है।'' सर्फ रक्षा का बजट ही नहीं बढ़ाया है बल्कि ये बजट देश में ही रक्षा निर्माण इकोसिस्टम के विकास में भी काम आए, यह भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए तय बजट का बहुत बड़ा हिस्सा आज भारतीय कंपनियों से खरीद में ही लग रहा है। उन्होंने कहा, ''बीते चार-पांच सालों में हमारा रक्षा आयात लगभग 21 प्रतिशत कम हुआ है। आज हम सबसे बड़े रक्षा आयातक के बजाय एक बड़े निर्यातक की तरफ तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भारतीय उद्योग और शिक्षा जगत को जोड़ना है।

## तीर चाहे जितने ले लो, धनुष तो मेरे पास है, भाजपा ही तोड़ रही शिवसेना: उद्धव ठाकरे



शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी में जारी अंतर्कलह के पहली बार भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को एक मीटिंग के दौरान कहा कि शिवसेना में विभाजन की स्थिति बागियों के चलते नहीं बल्कि भाजपा की वजह से पैदा हुई है। यही नहीं उन्होंने कहा कि आप लोग चाहे जितने तीर लेकर भाग जाएं, यह याद रखना कि मेरे पास धनुष है। उद्धव ठाकरे के इस बयान को पार्टी के सिंबल के लिए जारी लड़ाई से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठाकरे संकट से नहीं डरते। उद्धव ठाकरे ने संकल्प व्यक्त किया कि चाहे कितने ही संकट आ जाएं, हम लड़ेंगे और नए सिरे से पार्टी का निर्माण करेंगे।मुंबई में उत्तर भारतीय महासंघ के नेताओं से बात करते हुए उद्धव ठाकरे ने यह बात कही। इस मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने शिवसेना के साथ होने की बात कही। उद्धव ठाकरे ने उत्तर भारतीय संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए एकनाथ शिंदे और भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, %जितने तीर चाहो, उतने लेकर भाग जाओ, लेकिन यह याद रखना कि धनुष मेरे ही पास है। बागियों ने शिवसेना को नहीं तोड़ा है, इसके पीछे भाजपा है। भाजपा ही शिवसेना को खत्म करने का काम कर रही है।% उत्तर भारतीय संघ के पदाधिकारियों ने आज शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की और कहा कि इस संकट के दौर में हम आपके साथ हैं। बता दें कि शिवसेना के 12 सांसदों ने भी उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे के साथ जाने के संकेत दिए हैं। इसके चलते पार्टी के आगे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। यही नहीं एकनाथ शिंदे गुट तो अब पार्टी के सिंबल तीर-धनुष पर दावे के लिए चुनाव आयोग में भी जाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा सांसदों के गुट ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर खुद को अलग से मान्यता दिए जाने की मांग की है।

### शिवसेना के 12 बागी सांसदों को मिली वाई कैटेगरी सुरक्षा

शिवसेना के 12 बागी सांसदों को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। ये वही बागी सांसद हैं जिन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी थी। जानकारी के मुताबिक यह सुरक्षा सोमवार रात से ही दी गई है। इन 12 सांसदों ने लोक सभा स्पीकर ओम बिड़ला को पत्र लिख कर राहुल शेवाले को नेता के तौर पर मान्यता देने का आग्रह किया था।

## यूपी में 18 नई नगर पंचायतें बनी और 20 निकायों का हुआ सीमा विस्तार



उत्तर प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव से चंद महीने पहले 18 नई नगर पंचायतें बनाने के साथ ही 18 नगर पंचायतों और दो नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया। नगर पंचायतें बनने और सीमा विस्तार वाले क्षेत्रों को शहरी दर्जा प्राप्त हो गया है। राज्य सरकार अब केंद्रीय और अपनी योजनाओं से इनमें विकास के काम कराएगी। इन क्षेत्रों में रहने वालों को अब शहरी सुविधाएं मिलेंगी। खासकर सीवर, पाइप लाइन से पेजयल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट के साथ ही पार्क जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

### निकाय चुनाव अब 752 सीटों पर

यूपी में निकाय चुनाव नवंबर 2022 में प्रस्तावित हैं। पहले 734 निकाय में चुनाव होना था, लेकिन अब 752 में चुनाव होगा। इसमें 17 नगर निगमों में मेयर, 200 पालिका परिषद और 535 नगर पंचायतों में चेयरमैन साथ पार्षदों का चुनाव होगा। नगर विकास विभाग जल्द ही नई नगर पंचायतों और सीमा विस्तार वाले निकायों में वार्ड गठन के लिए परिसीमन का काम कराएगा।

### ये नई नगर पंचायतें बनीं

प्रतापगढ़ की कटरा गुलाब सिंह बाजार, हीरागंज बाजार व गड़वारा बाजार, भीरा लखीमपुर खीरी, गैंसड़ी बलरामपुर, फतेहपुर की खखरेरू व कारीकन धाता, देवरिया की तरकुलवा, पथरदेवा व बैतालपुर, गोंडा की मिरहची एटा, तरबगंज, धानेपुर व बेलसर, आजमगढ़ की मार्टिनगंज, संतकबीरनगर की हैसर बाजार व धनघटा और गोरखपुर की उरूवा बाजार व घघसरा बाजार।

### 20 निकायों का सीमा विस्तार

राजापुर चित्रकूट, मटौंध बांदा, पाली हरदोई, लालगंज, कटरा मेदनीगंज व मानिकपुर-प्रतापगढ़, भगवंतनगर व ऊगू- उन्नाव, सहपऊ हाथरस, मलीहाबाद लखनऊ, बड़हलगंज गोरखपुर, महराजगंज व कटघर लालगंज-आजमगढ़, अमिला मऊ, पचपेड़वा बलरामपुर, कुरारा हमीरपुर, सलोन रायबरेली और महोली सीतापुर नगर पंचायतों का सीमा विस्तार किया गया है। दो नगर पालिका परिषद अमरोहा व महमूदाबाद सीतापुर का सीमा विस्तार किया गया है।

# ओड़गी बस स्टैंड पर भाजयुमो ने टेंट लगाकर भरवाया बेरोजगारी भत्ता फार्म,भारी संख्या में भाजयुमो मंडल ओड़गी के कार्यकता उपस्थित रहे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी-मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के आवाह्न पर जिला संगठन के निर्देशानुसार मंडल प्रभारी विराट प्रताप सिंह के उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल ओड़गी के द्वारा बस स्टैंड में बेरोजगारी टेंट लगाया गया और सभी बेरोजगारों कार्यकर्ताओं व युवाओं को कांग्रेस की विफलताओं को गिनाया गया। साथ ही बेरोजगारी भत्ता फार्म भरवाया गया। मोर्चा करेगी 21 जुलाई को एसडीएम कार्यालय का घेराव-अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम कार्यालय भैयाथान का विधानसभा भटगांव के सभी भाजयुमो कार्यकर्ता व बेरोजगार युवा 21 जुलाई 2022 को घेराव करेंगे। बेरोजगार युवाओं ने भरा फार्म व चौक चौराहों पर पोस्टर चस्पा किया गया सभी भाजयुमो कार्यकर्ता व बेरोजगार युवाओं ने ओड़गी बस स्टैंड पर चौपाल लगाकर



बेरोजगारी भत्ता फार्म भरा गया व वहीं 24 जुलाई को सीएम हाऊस के घेराव को लेकर पोस्टर चस्पा व दीवार लेखनी कार्य किया गया।इस मौके पर ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल प्रभारी विराट प्रताप सिंह, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य आशीष गुर्जर, भाजयुमो मंडल ओड़गी अध्यक्ष नीरज गुर्जर, भाजयुमो महामंत्री अरुण कुमार सिंह, युवा नेता शशांक प्रताप सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी मोहन राम राजवाड़े, भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सिंह, भाजयुमो उपाध्यक्ष ओमीश जायसवाल,लव दुबे, शैलेंद्र गुर्जर,ऋषि राज गुर्जर, प्रेमचंद राजवाड़े,लोकेश गुर्जर, दयानंद पांडे, रामचंद्र सिंह ,राम लखन चेरवा ,कृष्णा पांडे, राजू यादव, मीडिया प्रभारी प्रियंशु यादव, जयप्रकाशप्रजापति ,सौरव यादव, विष्णु प्रताप सोनी, महेश प्रताप सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, हरकेश पटेल, धर्मेंद्र प्रताप सिंह ,शुभम प्रताप सिंह, महेश प्रताप सिंह, उमेश्वर यादव उमेश, रामेश्वर व भारी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे?।

# आय कम देने पर 24 परिचालकों का कटा वेतन

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- रोडवेज बस में निर्धारित लोड फैक्टर हासिल न कर पाने वाले परिचालकों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो गया है। निगम को कम आमदनी देने पर 24 परिचालकों के वेतन से कटौती की गई है। जुलाई में परिचालकों का लोड फैक्टर तैयार कराया जा रहा है। परिवह निगम में तैनात परिचालक निर्धारित लोड फैक्टर का मानक पूरा नहीं कर पा रहे। लगातार निर्देश देने के बाद भी



डिपो की इनकम मानक के अनुसार नहीं हो पा रही है। 65 फीसद तक भी परिचालक लोड फैक्टर को पूरा नहीं कर पा रहे। इसकी जानकारी अधिकारियों को उस वक्त हुई जब उन्होंने जून में हुई आमदनी की समीक्षा बैठक की। 24 परिचालक आमदनी पूरी नहीं जुटा सके। इसमें रामप्रताप, राहुल कुमार, यादवेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, सुधांशु राठौर, धर्मेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, राघवेन्द्र, आनंद प्रताप, मुन्नालाल, पूरन सिंह, चकेन्द्र प्रताप, दीपक कुमार, अजय कुमार, किशनवीर सिंह, हरीश चन्द्र, संजेश कुमार, उमेश कुमार, अर्जुनसिंह, बसंत कुमार, मुकेश कुमार, अर्जुन सिंह, अरविंद कुमार, संतोष कुमार परिचालक शामिल हैं। इनके वेतन से पांच सौ से लेकर दो हजार रुपये तक की वेतन कटौती की गई है। एआरएम राजेश यादव ने बताया कि वेतन काटने के साथ ही इन सभी परिचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई है। अगले माह में भी प्रगति समीक्षा खराब होने पर इन परिचालकों को दूसरे डिपो में संबंद्ध करने के साथ ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अब जुलाई के लोड फैक्टर का मिलान किया जा रहा है।

# बेसिक शिक्षा के स्कूलों में अब तक आधी भी किताबों की आपूर्ति प्राप्त नहीं हो पाई पुरानी से चला रहे काम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शैक्षिक सुधारों में जुटा बेसिक शिक्षा विभाग बच्चों को निश्शुल्क पुस्तक उपलब्ध कराने में पिछड़ गया है। प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे नये सत्र में नई किताबों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं जिले में अभी तक डिमांड के सापेक्ष 11 फीसद पुस्तकों की आपूर्ति ही मिली है। बच्चों को बस्ता भरने में अभी किताबों के लिए और इंतजार करना पड़ सकता है। नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। नए सत्र में लगातार नामांकन के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जो बच्चे भीषण गर्मी में स्कूल पहुंच रहे हैं, उनके बस्ते किताबों के लिए अभी भी खाली है। बच्चों को ड्रेस देने के लिए डीबीटी योजना पर जितना जोर दिया जा रहा है। दूसरी ओर किताबों के मामले में देरी से शुरू हुई प्रक्रिया शासन के दावों की किरकिरी कर रही है। सत्र 2022-23 के लिए बच्चों को पुस्तकों की व्यवस्था के लिए क्रय प्रक्रिया जून में शासन स्तर से देरी से पूरी हो सकी। यही वजह है कि अब तक आधी भी किताबों की आपूर्ति प्राप्त नहीं हो पाई है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शासन से एक लाख 83 हजार 248 कक्षा एक से आठ तक के छात्रों के लिए किताबों की डिमांड की गई थी। पाठ्यक्रम के अनुरूप इस एवज में 10 लाख 36 हजार 506 पुस्तकें जिले के बच्चों को चाहिए। अब जब पुनः स्कूल खुले भी एक महीना बीत चुका है, लेकिन विभाग को सिर्फ एक लाख 14 हजार 127 किताबें आधा दर्जन विषयों की प्राप्त हुई है। किताबों की आपूर्ति की धीमी गति जिम्मेदारों को भी परेशान कर रही है। अभी तक किताबों की सिर्फ 11 फीसद आपूर्ति की स्थिति में पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण स्कूलों में कितना प्रभावी होगा।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला कौशल विकास मिशन मुख्यालय भिनगा, श्रावस्ती के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 जुलाई, 2022 को प्रातः 10.00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निकट संयुक्त जिला चिकित्सालय के पीछे मुख्यालय भिनगा, श्रावस्ती में किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक एवं आई0टी0आई0/पॉलीटेक्निक (डिप्लोमा) उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने हेतु 03 कम्पनियों को बुलाया गया है। साथ ही बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in एवं ncs.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर कम्पनी में आवेदन कर सकते है। उन्होने यह भी बताया है कि अभ्यर्थी 21 जुलाई, 2022 को प्रातः 10 बजे अपना बायोडाटा/रिज्युम सहित समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति तथा

एक फोटो के साथ रोजगार मेले में साक्षात्कार हेतु सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, भिनगा से सम्पर्क कर सकते है।

# स्वास्थ्य विभाग दे रहा डेंगू से बचने की जानकारी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर डॉ. आर.एस. सिंह के मार्गदर्शन में नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों को डेंगू से रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु डॉ. दीप कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बैठक का आयोजन मंगल भवन में किया गया। इसी प्रकार सूरजपुर एवं विश्रामपुर के सभी शहरी मितानिनों को प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी को प्रतिदिन घर पर जाकर लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिये कहा गया साथ ही सभी घरों में डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के पम्पलेट बांटने को कहा गया। सभी को बताया गया कि डेंगू के लार्वा कूलर के टंकी, पुराने टायर, फूल दान, फ्रीज का ट्रे, नारियल के खोल में पैदा होते हैं, इसे प्रति सप्ताह सफाई करने और ढक कर रखने की आवश्यकता है, इसी प्रकार अपने घर के खिड़कियों एवं दरवाजे में जाली लगाने के सलाह दिये गये। सभी लोगों को मच्छरदानी लगाकर सोने कहा गया। जिससे मच्छरों से बचा जा सके। इसी प्रकार शासकीय बालक हाई स्कूल तथा शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में बच्चों को डेंगू के लक्षण, उसके बचाव के उपाय और डेंगू के लार्वा को नष्ट करने की जानकारी भी दी गई।

# मेडिकल कॉलेज में आई 84 तरह की दवाएं, कम होगी परेशानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मेडिकल कॉलेज में चल रही दवाओं की कमी को दूर करने के लिए 84 प्रकार की दवाएं आ गई हैं। दवाओं का वितरण सामान्य मरीजों को ही किया जाएगा। इनमें सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज शामिल होंगे। जबकि गंभीर बीमार लोगों को भर्ती करके उपचार दिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज में अभी तक पेट दर्द, बदन दर्द, गैस, सांस फूलने, खुजली, उल्टी, बीपी और आंखों की दवाओं की कमी चल रही थी। इन बीमारियों समेत 84 तरह की दवाएं सोमवार को मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध कराई गईं हैं। इन दवाओं के आ जाने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी,

लेकिन मेडिकल कॉलेज में इन दवाओं का वितरण सामान्य रूप से नहीं होगा। पर्चे पर सर्दी, जुकाम, बुखार से संबंधित दवाएं ही दीं जाएंगी। जबकि अन्य बीमारी से संबंधित लोगों को भर्ती होना होगा। इसके बाद वार्ड में हीं दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मरीज जब तक ठीक नहीं हो जाता है, भर्ती करके ही उपचार किया जाएगा। यह दवाएं मरीजों के लिए आईं मरीजों का

उपचार करने के लिए एंटीबायोटिक सिप्रोफ्लेक्सिन, गैस के लिए रेनीटिडिन, आंखों के लिए एप्लीकेप व सीएमसी ड्रॉप, प्रोवीडेम लोशन, सिटरजिन, डौलिन, एविल आदि 84 तरह की दवाएं आई हैं।

# सभी जिलाधिकारी जनपदों में संचालित विकास परियोजनाओं का प्रभावी पर्यवेक्षण एवं सतत् मानीटरिंग सुनिश्चित करें-कमिश्नर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने आज कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शासकीय प्राथमिकता कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने एवं खराब प्रगति से संबंधित अधिकारियों के प्रति कडा रुख अपनाते हुए मण्डल के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को स्पष्ट रुप से सचेत किया कि अब से विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गडबडी पाये जाने पर संबंधित जनपद के डीएम एवं सीडीओ सीधे जिम्मेदार होंगे। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारण कर विकास कार्यो की सतत् मानीटरिंग एवं सुपरविजन करने के भी निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने विकास कार्यक्रमों की खराब एवं असंतोषजनक प्रगति पर अमरोहा के मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला को शोकाज नोटिस जारी करने के अतिरिक्त कार्यो में शिथिलता बरतने एवं शासन को फर्जी सूचनाएं प्रेषित करने के दोषी बिजनौर एवं रामपुर के जिला पंचायत राज अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विद्युत कार्यक्रमों की खराब प्रगति पर मुख्य अभियन्ता विद्युत को शोकाज नोटिसजारी करने सहित बिजनौर के डीपीआरओ का स्पष्टीकरण तलब करने एवं उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ करने के भी आयुक्त ने निर्देश दिये।

कमिश्नर ने विकास कार्यो में लापरवाही एवं प्रगति इंडेक्स की खराब स्थिति पर मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावी मानीटरिंग न करने पर अपर निदेशक स्वास्थ का स्पष्टीकरण तलब करते हुए उन्हें शोकास नोटिस जारी करने सहित शासन को भी उनके विरुद्ध लिखने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त कार्यो में शिथिलता बरतने तथा फर्जी सूचनाएं शासन को भेजने के दोषी उप निदेशक पंचायत द्वारा शासन एवं कमिश्नर को पृथक-पृथक भ्रामक एवं विरोधाभाषी रिपोर्ट भेजने हेतु उप निदेशक पंचायत का स्पष्टीकरण तलब करने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित सामुदायिक शौचालय योजना में अनियमित्ताओं के दोषियों से रिकवरी करने तथा आरोप पत्र जारी करने के आदेश दिये। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी मुख्य



चिकित्साधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित टीकाकरण का ग्राफ गिरने पर नाराजगी प्रकट की तथा सुधारात्मक कार्यवाही की कठोर चेतावनी देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि ऐसे लैव टैक्नीशियन जिनकों मशीन आपरेट करने का प्राथमिक ज्ञान न हो उन्हें मशीनों को हैण्डिल करने की जिम्मेदारी न दी जाये तथा साथ ही सभी जिलों में चिकित्सीय स्टाफ की रिक्तियों को भरने एवं संविदा चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति हेतु लखनऊ एवं एनसीआर सहित प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन सुनिश्चित किया जाये। आयुक्त ने पात्रों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाये जाने तथा आशाओं को क्रियाशील करने के साथ-साथ परिवार नियोजन एवं जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों को शासन की मंशानुरुप गतिशीलता प्रदान करने, दवाईओं एवं आवश्यक उपकरणों की चिकित्सालयों में उपलब्धता सुनिश्चित करने के सभी सीएमओ को निर्देश दिये। उन्होंने आईसीडीएस योजना के क्रियान्वयन की खराब प्रगति पर भी नाराजगी प्रकट करते हुए माइक्रो प्लानिंग करके लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया। आयुक्त ने जल निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यो एवं सालिड वेस्ड मैनेजमेंट कार्यो की सूची बनाकर प्रस्तुत करें ताकि मनरेगा योजनार्न्तगत उक्त कार्य पंचायतराज विभाग के माध्यम से पूर्ण कराये जा सके।

कमिश्नर ने बैठक में संयुक्त कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि वे कृषि विकास की इंटीग्रेटेड एप्रोच अपनाते हुए पशुपालन, मत्स्य, कृषि आदि में कलस्टर बनाने के साथ मार्केट पर भी नजर रखें ताकि स्थानीय स्तर पर जिसकी आवश्यकता हों उसकी पूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा एफपीओ की सफलता हेतु अर्न्तविभागीय समन्वयक की कार्य पद्धति अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने हेतु प्रभावी कदम उठाये जाये। मण्डलायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अर्न्तगत आदर्श आंगनवाडी केन्द्र की ग्रेडिंग बच्चों के आधार पर की जाये और प्राथमिकता वहीं दी जाये जिन आंगनवाडी केन्द्र पर कुपोषित बच्चे अधिक हों। आयुक्त ने बैठक में दिये गये सभी आदेशों का समय से अनुपालन करने के साथ ही सभी निर्माण कार्यो को मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए और निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत सचिवालय में सभी सूचनाएं उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में मण्डलायुक्त ने राज्य भूजल संरक्षण मिशन के अर्न्तगत मुख्य अभियन्ता विद्युत को विद्युतीकरण का अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई को विद्युतीकरण हेतु अवशेष बोरिंगों की सूची समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग के अर्न्तगत नई सड़कों का निर्माण / चैडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को योजना की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाने व धनराशि शासन से प्राप्त करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी जनपदों को अवशेष सेतुओं के निर्माण कार्य में गति लाने के भी निर्देश दिये गये। आयुक्त ने कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनार्न्तगत पोर्टल पर कृषकों के अवशेष डाटा फीडिंग अथवा सुधार व सत्यापन के संबंध में निर्देशित किया कि जो किसान गांव से पलायन कर गये हैं या नही मिल रहें हैं, उनका डाटा बैंक से लेकर एक बार पुनः उनकी तलाश की जाये तथा इसके पश्चात भी यदि किसान नही मिल पाते हैं तो उनका डाटा डिलीट किए जाने हेतु विज्ञप्ति के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अपर निदेशक पशुपालन को निर्देशित किया गया कि समस्त मुख्य विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पशु संरक्षण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये तथा सभी जनपदों में पशुओं के संरक्षण हेतु पशु शेड निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पंचायत राज विभाग के अर्न्तगत सामुदायिक शौचालयों के निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा के दौरान शत प्रतिशत जियो टैगिंग करने व निर्माणाधीन शौचालयों को समयार्न्तगत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डल में प्रशासक कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायतों में बरती गयी अनियमित्ताओं के दृष्टिगत तथा गैर अनुमन्य मदों में धनराशि व्यय किए जाने की पुष्टि होने पर निर्देश दिये कि उप निदेशक पंचायत एवं संबंधित डीपीआरओ अपने स्तर पर अनियमित्ताओं के दोषी पाये गये कर्मचारियों/अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार रिकवरी की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। आयुक्त द्वारा आईसीडीएस ( मनरेगा ), पंचायतीराज एवं आईसीडीएस विभाग के कन्वर्जन्स के माध्यम से आंगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण अर्न्तगत अवशेष भवन निर्माण को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। पोषण अभियान की समीक्षा के दौरान मण्डल के अर्न्तगत कुल 26969 कुपोषित बच्चों के सापेक्ष 22249 तथा 8567 अतिकुपोषित बच्चों के सापेक्ष 6776 बच्चों के पोषण अभियान की प्रगति में सुधार लाने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा समस्त जनपदों में एनीमिया से ग्रसित किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के समाधान हेतु एनीमिया की रोकथाम हेतु ऐप के माध्यम से जागरुकता अभियान कराने के निर्देश दिये गये। स्थलीय निरीक्षण करने तथा विद्युत विभाग के झटपट पोर्टल पर आये आवेदनो का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मण्डलायुक्त ने पशुपालन विभाग को मण्डल के सभी ग्रामो मे बछडो का सर्वे कर उनकी ईयर टेगिंग करने के निर्देश दिये है । स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सको की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आयुक्त ने कहा कि संविदा के अन्तर्गत सृजित स्वास्थ्य विभाग मे सभी पद भरे होने चाहिए। हैल्थ वैलनेस सेन्टर की मोनीटरिंग करने तथा मुख्य विकास अधिकारियो को वहां की विजिट करने के निर्देश दिये और कहा कि एक ऐसा सिस्टम डवलप करें कि वहां नियमित एक्टिविटी हो। दवाओ की उपलब्धता की मण्डलीय समीक्षा करते हुए आयुक्त ने सभी दवाई स्टोरो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव के आंकडे गलत होने पर आयुक्त ने आकंडे ठीक प्रकार से रखने के निर्देश दिये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मण्डल के सबसे खराब स्कूलो एवं आंगनवाडी केन्द्रो का डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। राष्ट्रीय आजिविका मिशन के अन्तर्गत मुरादाबाद की स्थिति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारियो को कार्य प्रगति मे सुधार लाने के निर्देश दिये है।

बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी रामपुर श्री रविन्द्र कुमार माँदड़, जिलाधिकारी अमरोहा श्री बी0के0 त्रिपाठी, जिलाधिकारी सम्भल श्री मनीष बंसल, जिलाधिकारी बिजनौर श्री उमेश कुमार मिश्र, अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ए0डी0 हेल्थ, संयुक्त निदेशक कृषि, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनीधि सहित एस0ई0 सिंचाई, उप निदेशक समाज कल्याण सहित पूर्ति, अल्पसंख्यक कल्याण, प्रोबेशन, शिक्षा, उद्यान, प्रोबेशन, पंचायतीराज, पशुपालन आदि विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# So that the parliament

On the very first day of the Monsoon session, as soon as the proceedings in both the Houses of Parliament were adjourned, it was clear that there is a ruckus in Parliament in the coming days. The monsoon session of Parliament, which began on Monday, was adjourned till 11 am on Tuesday. Keep in mind, the session will have a total of 17 working days and will last till August 12. About 32 bills will be introduced, it is difficult to tell how many of them will be passed. If the proceedings were adjourned only because of the uproar, then how will the business be done? Even before the Parliament session, it was decided that issues like inflation, fuel prices, Agneepath scheme, unemployment and depreciation of rupee against dollar would be raised. Now the issue of GST has also become prominent among them. The opposition has enough issues on which it can corner the government. Although voting for the presidential election was also taking place on the first day of the session, proceedings could go on along with the voting. Inflation has increased, so running the Parliament has also become expensive. MPs should see at the beginning of the session, how much is spent every day to run the Parliament? Even while paying tributes to many leaders and personalities and administering oaths to new members, it was clear that running the House would not be easy. It is not a good sign to come in front of the seat on the very first day and shout slogans. As far as inflation is concerned, the opposition has been raising the problem of inflation seriously. The ruling party at the Center has been in the opposition for a long time and it understands very well the importance of the issue of inflation. Inflation has always been an antidote to attacks on governments, if this time also it is used, then the ruling party should keep looking for answers. The collection of GST has also started on many essential products like flour, milk, curd, paneer, lassi, honey, peas. A message has gone that the government wants to generate revenue by taxing every possible product. While on the one hand, more revenue must come to the government, it should also look at the burden on the poor or common people. The economists who are telling the government as an easy source of income, they must also think about inflation. The biggest thing is that inflation in our country has always been a big reason for increasing the unpopularity of governments. reduce the prices of essential products related to children, products related to education or printing, medical expenses, products related to renewable energy. The collection of minimum tax in the fields of energy, medicine, education etc. will give strength to the poor. At present, it is necessary to keep the tax low even to check inflation. However, if inflation has increased, then it is a matter of economy, not politics, so all parties should accept the truth of prices. If we accept this truth, then only we will be able to contemplate the solution. Then we will neither create a ruckus nor will there be a ruckus. People should also know properly how important it is for the government to increase or raise revenue.

# Amidst reports of affair with Katrina Kaif's brother, Ileana D'Cruz shared a hot photo, fans sweated seeing the figure

Ileana D'Cruz, who has won the hearts of people with her acting from South Cinema to Bollywood Industry, is on vacation these days. Ileana, who was a part of films like Barfi, went to Maldives for Katrina Kaif's birthday celebration. Huh. He shared a picture having fun with Katrina Kaif and girl gang. But recently Ileana D'Cruz shared such a hot picture in bikini on her Instagram, seeing that fans are showering a lot of love on the actress. Shared a very hot and bold picture on the account. In this picture, Ileana is lying on a chair, she is wearing a printed bikini. Ileana D'Cruz is seen taking a sun bath in these pictures with goggles on her eyes. In these pictures, it is really difficult to take my eyes off Ileana D'Cruz's abs as well as her toned figure. Sharing these pictures on her Instagram, Ileana wrote in the caption, 'Have you ever been to the beach for a holiday, if not, have you not taken a selfie in a bikini? Fans went crazy after seeing the picture of Ileana D'Cruz. After seeing these pictures, the fans are unable to stop themselves from praising the Rustom actress. Fans are also short of words to praise her perfect figure. One user commented and wrote, 'What to say in your praise, there are no words'. Another user wrote, 'Wow you are very beautiful and always bring something new. I will pray to God that your upcoming film gets a huge success'. Another user wrote, 'You are on fire'. Discussion of affair with Katrina Kaif's brother - Ever since Ileana D'Cruz was captured with Katrina Kaif on her Maldives vacation, it has been continuously reported on social media that she is Katrina is dating Kaif's brother Sebastian Laurent Michel. Talking about Ileana D'Cruz's upcoming films, she will soon be seen in Unfair and Lovely and Shirish Guha's title film.



# When Priyanka Chopra danced topless only in saree, this video went viral after her birthday

Bollywood actress Priyanka Chopra recently celebrated her 40th birthday. She spent this special day with husband Nick Jonas and the pictures of the celebration went viral on the internet. Meanwhile, a throwback video of Priyanka Chopra has also surfaced on social media in which she is seen dancing topless. In this video, Priyanka Chopra is seen dancing wearing only a sari. When Priyanka Chopra danced topless = she is repeatedly handling her sari from the front and flaunting her backless look. This video of desi girl in Shimri golden saree is becoming fiercely viral. She has applied dark der lipstick on her lips and kept her hair open. This killer look of Priyanka Chopra in only saree without blouse is garnering praise on social media. Although some people are also trolling him. Now the focus of PC remains on Hollywood projects- Let us tell you that Priyanka Chopra has worked in Bollywood for a long time but now she mostly focuses on Hollywood projects. He has played many bold and daring characters in Indian movies. But Priyanka Chopra, who has become an international star, is now focused on her family and foreign projects. Priyanka spent her birthday with Nick Jonas - although she has also appeared in Hindi films in between. Talking about Priyanka Chopra's recent birthday celebration, her husband Nick Jonas shared some pictures of her on social media, in which he is seen kissing the actress on the beach. In the second picture, both are seen eating food in the restaurant.

